13/08/2020

Social Psychology

Paper V

B.A. III (Hons.)

Explain the factors influencing the origin or emergence of leadership.

नेतृत्व के उदय को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या करें।

नेतृत्व के सम्बन्ध में एक जटिल समस्या यह है कि नेतृत्व का origin तथा development कैसे होता है। दूसरे शब्दों में, समस्या यह है कि किन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति के नेता के रूप में उभरने की सम्भावना अधिक होती है? किसी व्यक्ति के नेता बनने में क्या केवल उसका अपना शीलगुण सहायक होता है? केवल विशेष-परिस्थिति सहायक होती है अथवा दोनों सहायक होते हैं? इन समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में Worchel तथा Cooper, 1979 ने निम्नलिखित कारकों या सिद्धांतों का उल्लेख किया है –

1. **व्यक्तिगत कारक (Personal Factors)**
2. **परस्थिति कारक (Situational Factors)**

1. व्यक्तिगत कारक (Personal Factors) –

महान मानव-सिद्धांत या शीलगुण-सिद्धांत (The Great Man Theory or The Trait Theory)

यह सिद्धांत इस विश्वास पर आधारित है कि नेता जन्मजात होता है, बनाया नहीं जाता है। व्यक्ति में कुछ ऐसे शीलगुण होते हैं जिनके कारण वह नेता बन जाता है और उन शीलगुणों के आभाव में दूसरा व्यक्ति समान परिस्थिति मिलने पर भी नेता नहीं बन पाता है। Martin Luther King, Kennedy, Abraham Lincoln, आदि में कुछ ऐसे असाधारण शीलगुण थे, जिनके कारण वे न केवल नेता बन सके बल्कि अपने राष्ट्र के इतिहास के निर्माता भी।

इस सिद्धंत के अनुसार नेतृत्व के origin एवं development में तीन प्रकार के शीलगुण सहायक होते हैं -

(i) **शारीरिक-शीलगुण (Physical Traits) –**
Terman 1940, के अनुसार शारीरिक आकार, लम्बाई, वजन, आकर्षण, आदि का प्रभाव नेतृत्व के emergence पर पड़ता है। अन्य बातें सामान रहने पर अच्छे तथा आकर्षक शारीरिक शीलगुण वाले व्यक्ति के नेता के रूप में उभरने की संभावना अधिक होती है।

(ii) **व्यक्तित्व-शीलगुण (Personality Traits) –**

व्यक्तित्व-शीलगुणों में बुद्धि, शब्दाडम्बर (verbosity), प्रभुत्व (dominance), आत्मविश्वास (self-confidence), संवेगात्मक नियंत्रण (emotional control), अभियोजनशीलता (adjustability), लचीलापन (flexibility) आदि मुख्य हैं। इससे यह पता चलता है कि followers की अपेक्षा नेता अधिक बुद्धिमान होते हैं (Stogdill 1948, Mann 1959, Gibb 1969, Fiedler 1986)। इसका मतलब यह हुआ कि अन्य बातें समान रहने पर मंद बुद्धि की अपेक्षा तीव्र बुद्धि के सदस्य के नेता बनने की संभावना अधिक होती है। Lenin तथा Mahatma Gandhi का पारिवारिक जीवन विशेष रूप से किशोरावस्था में तनावपूर्ण था। अतः कहा जा सकता है कि इन व्यक्तियों के महान नेता के रूप में उभरने के पीछे हीनता (inferiority) की अति-क्षतिपूर्ति सक्रीय थी।

(iii) **<u>अर्जित शीलगुण (Acquired Traits) –</u>**

महान मानव-सिद्धांत (शीलगुण सिद्धांत) के अनुसार नेतृत्व के origin एवं development में acquired traits का भी हाँथ होता है। विशेष रूप से उच्च तथा प्रतिष्ठित परिवार में जन्म लेने वाले बच्चों में निम्न परिवार में जन्म लेने वाले बच्चों की अपेक्षा नेता बन जाने की संभावना अधिक होती है। Mills 1967, के अध्ययन से इस विचार का समर्थन होता है।

स्पष्ट है कि यह सिद्धांत शीलगुणों को नेतृत्व के origin तथा development का आधार मानता है। इस अर्थ में नेता जन्मजात होता है। लेकिन यह सिद्धांत नेता के emergence की व्याख्या करने में पूरी तरह सफल नहीं है। अतः leadership emergence की व्याख्या केवल शारीरिक या व्यक्तित्व-शीलगुणों के आधार पर संभव नहीं है।

<u>(… to be continued)</u>

Dr. Hena Hussain

Asst. Professor

Department of Psychology

Oriental College, Patna City

WhatsApp No. – 9334067986

Email-drhenahussain@gmail.com